काल भी उसका क्या कर पाए | by Aarti Sharma

श्याम की कृपा जिसपे हो जाए
काल भी उसका क्या कर पाए

हाथों में हाथ लेके सांवरा साथ चलता
चाहे जितना बड़ा हो वो संकट पल में टलता
श्याम के रहते क्यों घबराता श्याम है तेरे साथ प्यारे
श्याम है तेरे साथ ....
श्याम सहारा जिसे मिल जाए
काल भी उसका क्या कर पाए

चाहे तूफां हो आगे आंधी घनघोर कड़ी हो
चाहे बिजली गिर जाए मुसीबत कितनी बड़ी हो
श्याम दया का सागर प्यारे हो जाएगा पार भव से
हो जाएगा पार ....
श्याम के दिल में जो बस जाए
काल भी उसका क्या कर पाए

वादा ये श्याम का है साथ छोड़ेगा कभी ना
घूम ली सारी दुनिया श्याम सा कोई कहीं ना
हर हालातों में देता अपने प्रेमी का साथ
आरती शर्मा गुण तेरे गाये
काल भी उसका क्या कर पाए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%89%e0%a4%b8%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%8f-b-y-aarti-sharma/